अशोक गहलोत के दावे में कतई दम नहीं है, उनका फैसला कोई सर्वे एजेंसी नहीं बल्कि राजस्थान की जनता करेगी: सतीश पूनियां

बेंगलुरु/जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजस्थान में सरकार रिपीट करने वाले बयान पर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बयान जारी कर पलटवार किया है। डॉ. पूनियां ने कहा कि, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर से रटी-रटाई बात अपनी सरकार की रिपीट होने की कहते हैं, उसमें दावा करते हैं कि कोई सर्वे एजेंसी ने यह सलाह दी है। कौनसी सर्वे एजेंसी है, किस तरीके के सर्वे हैं और उसकी हकीकत क्या है, लेकिन मुझे लगता है कि शायद वह फिर से "मुंगेरीलाल के हसीन सपने" देख रहे हैं, कोई एतराज नहीं है।

■ **उन्होंने कहा, "राजस्थान की जनता ने तय कर लिया है कि इस बार कांग्रेस पार्टी को रिपीट नहीं, बल्कि राजस्थान के राजनीतिक नक्शे से परमानेंट डिलीट करेंगे"**

उन्होंने कहा कि, अशोक गहलोत के एक तरफ दावे हैं, अखबार के विज्ञापन हैं और मुस्कुराता चेहरा है, लेकिन दूसरी तरफ प्रदेश में अबला की लुटती हुई अस्मत के आंसू हैं, कहीं ना कहीं श्वानों से नोंचते हुए बच्चों के शव हैं, किस तरीके से कानून व्यवस्था जहां माफियाओं के हवाले राज होता है, ऐसे लगता है जैसे राजस्थान अपराधियों की राजधानी हो गया।

पूनियां ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार में इतनी आकंठ डूबी हुई है कि "अलीबाबा चालीस चोर की सरकार" कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। कांग्रेस शासन में प्रदेश का नौजवान हैरान है, हताश है और आत्महत्या को विवश है, किसान कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं करने से राजस्थान के किसानों की जमीनें नीलाम हो रही हैं और जिस तरीके से वह अवसाद में हैं, यह राजस्थान की कहानी बयान करता है। इसलिए अशोक गहलोत के दावे में कतई दम नहीं है, उनका फैसला कोई सर्वे एजेंसी नहीं राजस्थान की जनता करेगी और जनता ने तय कर लिया है कि इस बार कांग्रेस पार्टी को रिपीट नहीं, राजस्थान के राजनीतिक नक्शे से परमानेंट डिलीट करेंगे।

छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

भीलवाड़ा, (निसं.)। ज़िले के शाहपुरा थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय एक स्कूली छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार कस्बे के उम्मेदसागर रोड स्थित गांछा बस्ती में बुधवार सुबह को दसवीं कक्षा के छात्र लकी उर्फ चिंटू मेहतर ने अपने घर में खिड़की के रोशनदान पर साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला को समाप्त कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर शाहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से नीचे उतरवाकर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। बाद में मृतक के पिता दीपक मेहतर जो कोटा निवासी है उनको शाहपुरा बुलवाया बाद में पुलिस ने जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। सूचना मिलने पर पार्षद राजेश सोलंकी भी चिकित्सालय पंहुचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के मामा मुकेश ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है जिस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र अपनी माता जो जिला चिकित्सालय में स्वीपर का काम करती है उसको चिकित्सालय छोड़कर आया और उसने आत्महत्या की।

शिक्षिका को पिकअप ने रौंदा, हुई मौत

भीलवाड़ा, (निसं.)। सदर थाना क्षेत्र में स्कूल जा रही शिक्षिका को आकोला चौराहे पर पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने बताया कि सांगानेर हाल चित्रकूट नगर निवासी आकांशा पत्नी अमित पारीक राजकीय विद्यालय, गोकुलपुरा में शिक्षिका थी। आकांशा बुधवार सुबह स्कूटी से रवाना हुई। वह, आकोला चौराहे से जैसे ही हाइवे पर चढ़ी, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप ने आकांशा को चपेट में ले लिया।

सर्वे के नाम पर कांग्रेस सरकार रिपीट होने वाले "मुंगेरी लाल के हसीन सपने" देख रहे हैं गहलोत: देवनानी

जयपुर (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत "मुंगेरी लाल के हसीन सपने" देखना अब बंद करें। कांग्रेस की सरकार तो बनना बहुत दूर की बात है, उसे गिनी-चुनी सीटें भी मिल जाएं, तो गनीमत है।

देवनानी ने गहलोत के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें गहलोत ने कहा था कि उन्होंने सर्वे करा कर लिया है और कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी। देवनानी ने जारी बयान में कहा कि गहलोत अब चाहे कितने ही सर्वे करा लें, लेकिन कांग्रेस सरकार का जाना और कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना लगभग तय है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार साढ़े चार साल तक सोती रही, अब जनता को लुभावने वादे कर रही है, लुभावनी योजनाएं चला रही है। जनता ही गहलोत सरकार से पूछ रही है, जिन योजनाओं के नाम पर जनता को राहत देने की बात अब की जा रही है, वह योजनाएं कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही पिछले साढ़े 4 साल से क्यों नहीं चलाईं।

देवनानी ने कहा कि गहलोत ने अब ताबड़तोड़ जितनी योजनाएं शुरू की हैं और शुरू की जाने वाली हैं, उन सबका मकसद केवल जनता को प्रलोभन देना है। अब विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख कर गहलोत सरकार महंगाई राहत कैंप लगा रही है।

उन्होंने सवाल उठाया है कि गहलोत को जब महंगाई की इतनी ही चिंता थी, तो पहले राहत क्यों नहीं दी गई। अभी तक प्रशासन शहरों के संग और प्रशासन गांवों के संग अभियान सहित अन्य अभियानों और पिछली घोषणाओं का जो हश्र हुआ है, वही अब होने वाला है। देवनानी ने कहा कि जनता को 100 यूनिट बिजली देने के नाम पर छला जा रहा है। फ्यूल सरचार्ज बढ़ाकर जनता पर चुपके से आर्थिक भार डाला जा रहा है। सरकार दुहाई दे रही है कि गर्मी में बिजली की खपत बढ़ गई है, इसलिए महंगी बिजली खरीद कर जनता को सप्लाई की जा रही है। उन्होंने गहलोत से सवाल किया कि वे आखिर कब तक झूठ बोल कर जनता को छलते रहेंगे। खपत बढ़ने के साथ गांवों और शहरी क्षेत्रों में बिजली की अघोषित कटौती शुरू कर दी गई है।

■ **देवनानी ने कहा, "जनता कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने की ठान चुकी है और चुनाव की घोषणा होने का इंतजार कर रही है"**

उन्होंने कहा कि जिस पार्टी का सत्ता और संगठन का ढांचा मजबूत नहीं होता है, वह इसी तरह जनता को गुमराह करती है। कांग्रेस में सत्ता की लड़ाई पिछले साढ़े 4 साल से चल रही है, जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है।

देवनानी ने कहा कि जो पार्टी अभी तक राजस्थान के अनेक जिलों में अपने जिला अध्यक्ष नियुक्त नहीं कर सकी, यदि वह फिर से सत्ता में रिपीट होने के सपने देखे, तो इसे यही कहा जा सकता है कि अब गहलोत को ऐसे सपने देखना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार जनता कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने की ठान चुकी है और चुनाव की घोषणा होने का इंतजार कर रही है। गहलोत जो सर्वे कराने की बात कर रहे हैं, वह केवल जनता को गुमराह करने और अपनी नाकामियों को छिपाने के सिवाय कुछ भी नहीं है।

'कर्नाटक के चुनाव प्रचार में मुझे कन्नड़ सीखने का भी मौका मिला'

डॉ. पूनियां ने इस संदर्भ में कहा कि थोड़े दिन में इसी भाषा में कार्यकर्ताओं व लोगों से बात करने लगूंगा

बेंगलुरू/जयपुर। राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कर्नाटक प्रवास के लगातार दूसरे दिन दोडबल्लापुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने देवनहल्ली विधानसभा क्षेत्र में शक्ति केंद्र प्रमुखों के साथ बातचीत की, बैठक में विभाग के संगठन महामंत्री कांतराज, भाजपा प्रत्याशी पिलमुनिसमप्पा, जिला अध्यक्ष नारायण स्वामी व पूर्व विधायक चंद्रप्पा इत्यादि उपस्थित रहे। उन्होंने दोडबल्लापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कोरपेटर लक्ष्मीपति व पूर्व कोरपेटर केएच वेंकट राजु के साथ प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और कर्नाटक में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का आव्हान किया।

■ **सतीश पूनियां ने कहा कि, "विश्व के लोकप्रिय एवं मजबूत नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे भारत में सबको जोड़ा है, मन की बात से जोड़ा है, कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा और कनेक्टिवटी के सेक्टर में जबरदस्त कार्य हुआ है।"**

■ **"कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं और आमजन से संवाद करने का मुझे अवसर मिल रहा है, यहां के लोगों का मोदी सरकार और कर्नाटक की भाजपा सरकार के प्रति शानदार जनसमर्थन मिल रहा है।"**

सतीश पूनियां ने कहा कि, विश्व के लोकप्रिय एवं मजबूत नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे भारत में सबको जोड़ा है, मन की बात से जोड़ा है, कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा और कनेक्टिवटी के सेक्टर में जबरदस्त कार्य हुआ है। कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं और आमजन से संवाद करने का मुझे अवसर मिल रहा है, यहां के लोगों का मोदी सरकार और कर्नाटक की भाजपा सरकार के प्रति शानदार जनसमर्थन मिल रहा है। मुझे लोगों से संवाद के दौरान कन्नड सीखने का मौका भी मिल रहा है, जो मेरे लिये अच्छा अनुभव है, मुझे पूरा विश्वास है थोड़े दिनों में कर्नाटक के कार्यकर्ताओं और लोगों से कन्नड में बात करने लगूंगा, इसके लिये भी पूरा प्रयास करूंगा।

उन्होंने कहा कि, कभी हम जनसंघ हुआ करते थे, तीन सीटें आती थीं और हम 303 सीटों तक पहुंचे, यह जो पूरा सफर सफलतापूर्वक पार्टी ने पूरा किया है तो पार्टी के पुराने और नये नेतृत्व के सभी सीनियर लीडर्स और कार्यकर्ताओं के परिश्रम की बदौलत है, जिन्होंने बहुत मेहनत की पूरे देशभर में, कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कामरूप तक, यह भाजपा की खूबी है, ऐसे सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं और उनके परिश्रम को प्रणाम करता हूं। कर्नाटक में नीचे शक्ति केन्द्रों और बूथों तक भी पार्टी जमीनी तौर पर मजबूत है। केन्द्र की मोदी सरकार और कर्नाटक की भाजपा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद के कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित करेंगे। ज्ञात रहे कि सतीश पूनियां कर्नाटक विधानसभा चुनाव में किसान, ओबीसी और प्रवासी राजस्थानी बाहुल्य सीटों पर चुनाव प्रचार और चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जिसमें विशेषकर बेंगलुरू रूरल की सीटों पर उन्हें विशेष जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार डॉ. पूनियां कर्नाटक चुनाव में विभिन्न सीटों पर लगभग तीन सप्ताह तक चुनाव प्रचार और चुनाव प्रबंधन का जिम्मा संभालेंगे।

'कांग्रेस नेताओं, आर.पी.एस.सी. सदस्यों और अफसरों को क्लीनचिट देने वाले गहलोत अब क्या सफाई देंगे'

अजमेर, (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के पकड़े गए सदस्य बाबूलाल कटारा के पास जिन-जिन भर्ती परीक्षाओं के पेपर तैयार कराने की जिम्मेदारी थी, उन सभी पेपरों की परीक्षाएं निरस्त कर दुबारा परीक्षाएं कराई जाएं। एसओजी द्वारा यदि आयोग के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय से भी गहन पूछताछ की जाती है, तो पेपर लीक के चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। पहले अपनी कांग्रेस पार्टी के नेताओं, आयोग के सदस्यों और अधिकारियों को क्लीनचिट देने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अब किस मुंह से सफाई देंगे।

■ **'आयोग के पकड़े गए सदस्य बाबूलाल कटारा के पास जिन-जिन भर्ती परीक्षाओं के पेपर तैयार कराने की जिम्मेदारी थी, उन सभी की परीक्षाएं निरस्त कर दुबारा परीक्षाएं कराई जाएं'**

■ **'कटारा सहित सभी आरोपियों से यह पूछा जाना चाहिए कि उनके तार कांग्रेस सत्ता व संगठन में कहां तक जुड़े हुए हैं'**

देवनानी ने पूरे मामले का एस.ओ.जी. द्वारा बुधवार को खुलासा करने के बाद जारी बयान में कहा कि आयोग ने कटारा को छह पेपर बनाने की जिम्मेदारी थी। जरूरी नहीं कि कटारा ने केवल एक ही पेपर बेचा हो। अन्य पेपर भी बेचे होंगे । उन्होंने कहा कि आयोग को भी कटारा द्वारा तैयार कराए गए पेपरों के आधार पर हुई परीक्षाओं की जांच भी अपने स्तर पर करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेपर घोटालों के और भी राज दबे हुए होंगे, यदि एसओजी गहराई से जांच करती है, तो यह राज बाहर आ सकते हैं।

देवनानी ने सवाल किया है कि आखिर अध्यक्ष ने एक ही सदस्य को इतने ज्यादा पेपर तैयार कराने की जिम्मेदारी किस आधार पर सौंप दी थी। उन्होंने कहा कि एसओजी को यह भी जांच करनी चाहिए कि इस मामले में आयोग के और कितने अधिकारी या सदस्य शामिल रहे हैं। कटारा सहित सभी आरोपियों से यह पूछा जाना चाहिए कि उनके तार कांग्रेस सत्ता व संगठन में कहां तक जुड़े हुए हैं। देवनानी ने कहा, जब पेपर लीक का मामला उजागर हुआ था, तब सीएम गहलोत ने एसओजी की जांच पूरी हुए बिना ही अपनी पार्टी के नेताओं और अधिकारियों को क्लीनचिट देते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी भाजपा आयोग और कांग्रेस सरकार को बदनाम कर रही है। यही नहीं, इतना बड़ा कांड उजागर होने के बाद भी आयोग के अध्यक्ष श्रोत्रिय का पद पर बना रहना हास्यास्पद है। यदि श्रोत्रिय में थोड़ी भी नैतिकता बची है, तो तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए।

फैक्ट्री में आग लगी

अजमेर, (कासं)। गंज थाना क्षेत्र के लोंगिया मोहल्ला स्थित सोहन हलवे की फैक्ट्री में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। रात में चल रही तेज हवाओं के चलते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप सा मच गया। स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने तुरंत पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आग लगने से लाखों रुपए का माल स्वाह हो गया।

लोंगिया मोहल्ला काफिया पैलेस के सामने गली नंबर 2 में स्थित सोहन हलवे की फैक्ट्री में मंगलवार देर रात 2 बजे करीब अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग ने लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिसके बाद आसपास के क्षेत्र में हडकंप मच गया।

खोया पाया

मेरी दुकान संख्या 26, सेक्टर-03, मालवीय नगर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र एवं दुकान की छत का कब्जा पत्र कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो.9829128113

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना: 34235154 दिनांक : 17.04.2023 वरि. मण्डल सामग्री प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एंव उनकी और से ई-निविदा संख्या – 34235154 जिसकी बन्द होने की तारीख 10.05.2023 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एंव समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैन्यूअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरूद्ध मान्य नही होंगे। इस तरह के मैन्युअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **आपूर्ति का विवरण :** DIGITAL ULTRASONIC DOUBLE RAIL TESTER B-SCAN, (9 probe each side) **मात्रा :** 07 Set **निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय :** ई – निविदा को दिनांक 10.05.2023 को 14:25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। **वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in** 392-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

खुली ई-निविदा सूचना

व.मं.बि.इंजी. (टीआरडी), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **क्र सं:1. एनआईटी संख्या:** ईएल/टीआरडी/जेपी/20-आर/2022-23; **कार्य का नाम:** टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड एआरटी साईडिंग फॉर डीएफसीसीआईएल एट फुलेरा स्टेशन ऑफ जयपुर डिविजन। **अनुमानित लागत (रु):** 1,33,23,500.00; **बयाना राशि (रु):** 2,16,600.00; **निविदा खोलने की तिथि:** 15.05.2023; **नोट: ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक; **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे बाद; **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in 405-AN/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

ई-टेण्डर निविदा सूचना

(सर्वे एवं निर्माण) दो पैकेट प्रणाली

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) – IV, उ. प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा का ऑन लाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता हैं। निविदाकार अपना मूल/परिवर्तित प्रस्ताव ई – निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑन लाईन भर दें । **1. ई-टेण्डर नोटिस संख्या :** एनडब्ल्यूआर/एससी/सिविल-102140526 **2. कार्य का नाम व लोकेशन:** Residual civil works viz. Earth work, blanketing, bridge work and other ancillary works in connection with Rewari- Sadulpur Bypass line. **3. अनुमानित लागत :** रू. 21,70,27,460.27 **4. धरोहर राशि :** Rs. 12,35,100/- **5. कार्य पूरा होने की अवधि :** 12 (Twelve) महिने **6. ई-टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय :** Upto 15.00 Hrs. on 11.05.2023 **7. वेबसाईट का विवरण :** निविदा वेब साइट www.ireps.gov.in पर Dy. CE[C]IV-JP इकाई के अंतर्गत देखी जा सकती है। **8. आधिकारिक ई मेल पता:** Dycec4jp@gmail.com. **नोट: 1.** कोई भी मैन्युवल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। **2.** Bid security should be in proper form. Bid security should be submitted by the tenderer only through net banking or payment GATEWAY/ or in form of BG in favour of FA&CAO/Construction, North Western Railway, Jaipur 388-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

fincare Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **25Apr 2023** at below mentioned branches.

BANSWARA - 22660000679822 | **CHITTORGARH** - 22660000516781, 22660000616832, 22660001216548 | **JAIPUR** - 22660001249025 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 22660000540294, 22660000550635, 22660000644479 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 22660000536052 | **KOTA** - 22660000623319 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 22660000519845, 22660000552292, 22660000606832, 22660000632292, 22660000637162, 22660000641864, 22660000902754, 22660001094785, 22660001234393 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 22660000592215, 22660000662834

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज)

क्रमांकः-नपाश्रीमा/2023-24/284-85 दिनांक-19/04/2023

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में स्टेट ग्रान्ट एक्ट आवासीय पट्टा भवन निर्माण स्वीकृति एंव कृषि भूमि से गैर कृषि प्रयोजनार्थ 90(क) के तहत आवासीय पट्टे हेतु पत्रावलियां प्राप्त हुई है। उक्त पत्रावालियां पर निर्णय किया जाना है। अतः निम्नांकिति पत्रावलियों पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 07 दिवस में कर्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।अन्यथा बाद मियाद विचार नही किय जावेगा।

क्र. सं.	नाम पत्रावली	पत्रावली क्रमांक	क्षैत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1	श्रीमती सन्तोष देवी पत्नि श्री शिंभूदयाल कुमावत आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	928/2023	150.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
2	श्री घासीलाल हरिजन पुत्र श्री सावरमल हरिजन वार्ड नं. 10 कोर्ट रोड श्रीमाधोपुर	927/2023	146.66 वर्गज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
3	श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह प्रभुनगर विस्तार श्रीमाधोपुर	930/2023	111.11 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
4	श्री मुकेश पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह प्रभुनगर विस्तार श्रीमाधोपुर	904/2023	111.11 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
5	श्री मनीष सैनी पुत्र श्री प्रभुदयाल सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	905/2023	102.90 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
6	श्री मनीष सैनी पुत्र श्री प्रभुदयाल सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	906/2023	101.89 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
7	श्रीमती सीमा देवी पत्नि श्री जितेन्द्र कुमार सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	907/2023	162.01 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
8	श्री रमेश कुमार सैनीपुत्र श्री श्रवण कुमार सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	908/2023	150.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
9	श्री योगेश कुमार वर्मापुत्र श्री रतनलाल बलाईआदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	909/2023	150.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
10	श्री रमेश कुमार सैनी पुत्र श्री श्रवण कुमार सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	910/2023	102.33 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
11	श्री गजानन्द सैनी पुत्र श्री सुरजमल सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	911/2023	211.79 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
12	श्रीमती मनभरी देवी पत्नि श्री महेश कुमार सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	912/2023	186.66 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
13	श्रीमती मोहनी पत्नि श्री मुरली आदर्शनगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	913/2023	198.70 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
14	श्री सुरेन्द्र योगी पुत्र श्री मदनलाल आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	914/2023	145.74 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
15	श्रीमती अनिता देवी पत्नि श्री कन्हैयालाल सोनी आदर्श नगर नांगलभीम	915/2023	172.87 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
16	श्री रमेश कुमार सैनी पुत्र श्री श्रवण कुमार सैनी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	916/2023	150.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
17	श्रीमती संजू वर्मा पत्नि श्री सुरेन्द्र कुमार ढेवाण आदर्श नगर नागलभीम श्रीमाधोपुर	917/2023	150.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
18	श्रीमती मुरली देवी पुत्र श्री रतनलाल दवेन्द्र आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	918/2023	100.89 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
19	श्रीमती संजू वर्मा पत्नि श्री सुरेन्द्र कुमार ढेवाण आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	919/2023	150.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
20	श्रीमती संजू वर्मा पत्नि श्री सुरेन्द्र कुमार ढेवाण आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	920/2023	150.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
21	श्री रजनी पत्नि श्री राजेश कुमार परसोया आदर्शनगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	921/2023	159.16 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
22	श्री कन्हैयालाल सोनी पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	922/2023	72.22 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
23	श्रीमती कंचन रैगर पत्नि श्री मुकेश कुमार बारोलिया आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	923/2023	129.90 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
24	श्रीमती गुडडी देवी पत्नि श्री सतपाल आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	924/2023	167.44 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
25	श्रीमती किरण देवी पत्नि श्री दीपचन्द जोगी आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	925/2023	175.23 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
26	श्री जितेन्द्र सिंह पावंर पुत्र श्री बजंरग सिंह आदर्श नगर नांगलभीम श्रीमाधोपुर	926/2023	186.66 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
27	श्रीमती पिंकी देवी पत्नि श्री रामचन्द्र सैनी वार्ड नं. 29 पुराने कोर्ट के पास श्री माधोपुर	900/2023	200.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
28	श्री नरेश कुमार पंजाबी पुत्र श्री नन्दलाल पंजाबी वार्ड नं. 25 श्याम नगर श्रीमाधोपुर	902/2023	311.06 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन
29	श्री ओमप्रकाश पंजाबी पुत्र श्री नन्दलाल पंजाबी वार्ड नं. 25 श्याम नगर श्रीमाधोपुर	901/2023	288.00 वर्गगज	आवासीय कृषि भूमि नियमन

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर